सूचना और प्रसारण मंत्रालय

1100 अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों के साथ वेव्स 'क्रिएट इन इंडिया चैलेंज'का पंजीकरण 85,000 के पार

मुंबई में 1 से 4 मई, 2025 तक वेव्स 'क्रिएटोस्फेयर' में 32 चैलेंज से 750 फाइनलिस्ट भाग लेंगे

प्रविष्टि तिथि: **01 APR 2025 3:54PM** | Location: **PIB Delhi**

1 से 4 मई, 2025 तक मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में होने वाले वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) के हिस्से के रूप में लॉन्च किए गए क्रिएट इन इंडिया चैलेंज (सीआईसी) सीजन-1 ने 1,100 अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों सहित 85,000 पंजीकरणों को पार करने की एक नई उपलब्धि हासिल की है। 32 विविध चैलेंजों में से एक सावधानीपूर्वक चयन प्रक्रिया के बाद चुने गए 750 से अधिक फाइनलिस्टों को अपनी व्यक्तिगत चुनौती, अपनी प्रतिभा और कौशल के परिणाम और आउटपुट को दिखाने के अलावा पिचिंग सत्रों सहित अपने संबंधित क्षेत्र के व्यापारिक नेताओं के साथ नेटवर्किंग के अवसर और मास्टरक्लास, पैनल चर्चा, सम्मेलनों आदि के माध्यम से वैश्विक दिग्गजों से सीखने का एक अनूठा अवसर मिलेगा। क्रिएट इन इंडिया चैलेंजों के विजेताओं को मुंबई में एक भव्य समारोह में 'वेव्स क्रिएटर अवार्ड्स' से सम्मानित किया जाएगा।

इन चैलेंजों ने रचनात्मक परिदृश्य में एक शक्तिशाली प्रवेश किया है। इससे भारत और उसके बाहर नवाचार और जुड़ाव की एक लहर पैदा हुई है, जो वैश्विक स्तर पर रचनात्मक प्रतिभा के लिए एक प्रमुख मंच के रूप में उभर रहा है। हाई-एनर्जी रील मेकिंग कॉम्पिटिशन, सॉल्यूशन-ओरिएंटेड ट्रुथ टेल हैकथॉन, दूरदर्शी यंग फिल्ममेकर चैलेंज और कल्पनाशील कॉमिक्स क्रिएटर चैंपियनशिप सहित 32 विविध और सशक्त चैलेंजों की विशेषता के साथ, सीआईसी क्रिएटर्स को अपने कौशल का प्रदर्शन करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। अन्य प्रमुख कार्यक्रम जैसे कि ए.आई अवतार क्रिएटर चैलेंज, डब्ल्यूएएम! एनीमे चैलेंज, ईस्पोर्ट्स टूर्नामेंट, ट्रेलर मेकिंग कॉम्पिटिशन, थीम म्यूजिक कॉम्पिटिशन और अत्याधुनिक एक्सआर क्रिएटर हैकथॉन सीआईसी को कहानीकारों, डिजाइनरों और डिजिटल इनोवेटर की अगली पीढ़ी के लिए एक निश्चित लॉन्चपैड के रूप में स्थापित करते हैं।

विभिन्न विषयों, सीमाओं और पीढ़ियों के रचनाकारों को एकजुट करके, सीआईसी न केवल भारत की रचनात्मक ऊर्जा का जश्न मनाता है - इसने कहानी कहने और डिजिटल अभिव्यक्ति के भविष्य के बारे में वैश्विक संवाद को बढ़ावा दिया है। इस उल्लेखनीय आधार के साथ रचनाकारों को सशक्त बनाने और कल के सांस्कृतिक परिदृश्य को आकार देने के अपने मिशन को जारी रखते हुए, सीआईसी आने वाले सीजन में नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार है।

वेव्स के बारे में

भारत सरकार द्वारा 1 से 4 मई, 2025 तक मुंबई, महाराष्ट्र में मीडिया और मनोरंजन (एम एंड ई) क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम, प्रथम विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) आयोजित किया जाएगा।

चाहे आप इस इंडस्ट्री के पेशेवर हों, निवेशक हों, निर्माता हों या नवोन्मेषक हों, शिखर सम्मेलन एम एंड ई परिदृश्य से जुड़ने, सहयोग करने, नवोन्मेष करने और योगदान करने के लिए अंतिम रूप से एक वैश्विक मंच प्रदान करता है।

वेव्स भारत की रचनात्मक शक्ति को बढ़ाने के लिए तैयार है, जो सामग्री निर्माण, बौद्धिक संपदा और तकनीकी नवाचार के केंद्र के रूप में अपनी स्थिति को बढ़ाएगा। इसके केन्द्र में प्रसारण, प्रिंट मीडिया, टेलीविजन, रेडियो, फिल्म, एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट, गेमिंग, कॉमिक्स, ध्वनि और संगीत, विज्ञापन, डिजिटल मीडिया, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, जनरेटिव एआई, एक्सटेंडेड रियलिटी (एआर), वर्चुअल रियलिटी (वीआर), और एक्सटेंडेड रियलिटी (एक्सआर) जैसे उद्योग और अन्य क्षेत्र शामिल हैं ।

क्या आपके कोई प्रश्न हैं? उत्तर के लिए यहां देखे

वेव्स की पीआईबी टीम से प्राप्त नवीनतम घोषणाओं से अपडेट रहें

वेव्स के लिए अभी पंजीकरण करें

*****

एमजी/केसी/एसकेएस/एसवी

Release ID: (रिलीज़ आईडी: 2117377) | **Visitor Counter:** 262

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: Punjabi , Telugu , English , Gujarati , Urdu , Nepali , Marathi , Bengali-TR , Manipuri , Assamese , Tamil , Kannada , Malayalam

Print Page Download PDF